सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-484
09/10/2017

मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री भोला प्रसाद सिंह को दी श्रद्धांजलि

पटना, 09 अक्टूबर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री भोला प्रसाद सिंह के पुलिस कॉलोनी, अनिसाबाद स्थित आवास जाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। इस अवसर पर विधान पार्षद श्री रणवीर नन्दन सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व0 भोला प्रसाद सिंह जी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

******